# धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने वाला गिरफ्तार

## छात्रा से अश्लील हरकतें व ब्लैकमेल कर रहा था

**इकौना -श्रावस्ती (एसएनबी)।** थाना इकौना क्षेत्र अंतर्गत एक छात्रा से अश्लील हरकतें व ब्लैकमेल कर जबरन धर्म परिवर्तन कराने का दबाव बनाने वाला अभियुक्त गिरफ्तार। पीड़िता निवासी थाना इकौना जनपद श्रावस्ती के दिये गये तहरीर के आधार पर समीर अहमद पुत्र निसार अहमद मो कबीर नगर थाना इकौना जनपद श्रावस्ती द्वारा पीड़िता को बहला फुसलाकर अपने प्रेम जाल में फंसा कर बीते 27अप्रैल को आवेदिका को तहसील इकौना के पास नहर पटरी पर विपक्षी द्वारा ले जाकर अश्लील कृत्य करने लगा।

पीड़िता की विडियो कॉलिंग कर अर्धनग्न फोटो लेने व वायरल करने की धमकी देते हुए आवेदिका को धर्म परिवर्तन करने के लिये दबाव बनाने एवं विपक्षी द्वारा 30 जुलाई को आवेदिका के अश्लील फोटो वाट्सऐप पर वायरल कर देने के सम्बन्ध में समीर अहमद पुत्र निसार अहमद मो कबीर नगर थाना इकौना जनपद श्रावस्ती के विरूद्ध पंजीकृत किया गया। मुकदमा उपरोक्त में नामित अभियुक्त समीर अहमद उपरोक्त को मुखबिर की सूचना पर क्षेत्राधिकारी इकौना भरत पासवान के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार पाण्डेय मय हमराह के द्वारा इकौना भिनगा बाइपास तिराहे के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा जा रहा है।

## हत्या के प्रयास का अभियुक्त गिरफ्तार, चाकू बरामद

**श्रावस्ती (एसएनबी)।**थाना नवीन माडर्न पुलिस थाना के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर हत्या के प्रयास के मुकदमे से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।अभियुक्त अमन वर्मा उर्फ अरुण कुमार पुत्र रामदुलारे निवासी जोत दाखिला अमारेभरिया थाना नवीन माडर्न पुलिस थाना द्वारा ग्राम अमारेभरिया-परैनिया गांव के सड़क मार्ग से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के पश्चात अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक अदद नाजायज चाकू को ग्राम श्रीजोत दाखिला अमारेभरिया गांव के बाहर स्थित पुरानी ट्यूबेल के हौज में पत्तियों के नीचे छिपाया हुआ बरामद किया गया।

## छह नफर गिरफ्तार

**श्रावस्ती ।** थाना हरदत्तनगर गिरन्ट के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा बशीर पुत्र सहीम निवासी बंजारनपुरवा थाना हरदत्तनगर गिरन्ट मोहर्रम अली पुत्र मंगलू निवासी बंजारनपुरवा थाना हरदत्तनगर गिरन्ट रोज अली पुत्र वहाब अली उर्फ खूंसट अली निवासी मूसेगांव थाना हरदत्तनगर गिरन्ट गुल्ले पुत्र चन्द्रभान निवासी तेंदुआ बराव थाना हरदत्तनगर गिरन्ट पेशकार साहू पुत्र आशाराम साहू निवासी गयादत्तपुरवा थाना हरदत्तनगर गिरन्ट ननके पुत्र धनीराम नि. पहड़वा दा. चांद पारा थाना हरदी जिला बहराइच वर्तमान पता ग्राम गौसपुर थाना हरदत्तनगर गिरन्ट 06 नफर वारंटीगण को उनके निवास एवं संभावित ठिकानों से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु नियमानुसार रवाना किया गया।

# दबोचा गया अश्लील वीडियो प्रसारित करने वाला आरोपित

- इकौना पुलिस टीम ने भिनगा-इकौना बाईपास तिराहे से आरोपित किया गिरफ्तार
- छात्रा से दुष्कर्म करने, अश्लील हरकत करने व मतांतरण का बना रहा था दबाव

संसू, जागरण • इकौना (श्रावस्ती): इकौना पुलिस टीम ने छात्रा से दुष्कर्म, अश्लील हरकत करने व मतांतरण का दबाव बनाने के फरार आरोपित को रविवार को भिनगा-इकौना बाईपास तिराहे से दबोच लिया। पुलिस टीम ने आरोपित को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

इकौना थाने में छात्रा ने इकौना नगर के कबीरनगर मुहल्ला निवासी समीर अहमद पर बहला-फुसलाकर अपने प्रेमजाल में फंसा कर इकौना तहसील के पास नहर पटरी पर अश्लील हरकत करने तथा वीडियो कालिंग कर फोटो लेने व प्रसारित करने की धमकी देते हुए मतांतरण करने के लिए दबाव बनाने तथा अश्लील वीडियो प्रसारित करने का आरोप लगाया था। इस संबंध में आरोपित के विरुद्ध दो अगस्त को इकौना थाने में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज हुआ था। पुलिस आरोपित की तलाश कर रही थी। रविवार को पुलिस टीम ने सूचना पर इकौना-भिनगा बाईपास तिराहे के पास से आरोपित को दबोच लिया। गिरफ्तारी टीम इकौना थाने के प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार पांडेय, आरक्षी संदीप यादव, मुकेश कुमार, महिला आरक्षी राधा राना शामिल रहीं।



इकौना थाने में पुलिस हिरासत में दुष्कर्म आरोपित • जागरण